तापमान
अधिकतम 40.0 डिग्री
न्यूनतम 24.0 डिग्री

हरिभूमि
# रायगढ़-जशपुर भूमि

बिलासपुर, शुक्रवार, 19 अप्रैल 2024

4
रामनवमीं पर पुसौर में परंपरागत गायन वादन व झांकी





### खबर संक्षेप



### डिब्बे में कटा पैर मिलने से मची सनसनी

**रायगढ़।** शहर के सिटी कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत केवडाबाडी इंदिरा नगर पुलिया के नीचे वाले में एक कार्टून बाक्स में युवक का कटा पैर मिलने से सनसनी फैल गई। आसपास के लोग नाले के किनारे दमा हो गये। घटना की जानकारी होने पर मौके पर पंहुची पुलिस ने कटे अंग को बरामद कर मर्रचुरी ये जमा करा दिया है। वहीं किसी अनहोनी की आशंका का अनुमान लगाते हुए पुलिस ने मानव अंग के नाले तक पंहुचने के माध्यम की खोजबीन शुरु कर दी है। मौके के करीब लगे सीसीटीवी फुटेज की जांच शुरु कर दी गई है।

### 7 अभ्यर्थियों ने जमा किए नाम निर्देशन पत्र

**रायगढ़।** लोकसभा निर्वाचन 2024 अन्तर्गत रायगढ़ संसदीय क्षेत्र क्रमांक 2 के लिए गुरुवार को 7 अभ्यर्थियों द्वारा नामांकन फार्म जमा किया गया है। जिनमें मदन प्रसाद गोंड गोंडवाना गणतंत्र पार्टी, भवानी सिंह सिदार हमर राज पार्टी, गुलेश्वर पैंकरा भारतीय शक्ति चेतना पार्टी, अलबर्ट मिंज हमर राज पार्टी, इनोसेंट कुजूर बहुजन समाज पार्टी डॉ.मेनका देवी सिंह इंडियन नेशनल कांग्रेस तथा पूजा सिदार निर्दलीय ने नामांकन फार्म जमा किए। नाम निर्देशन पत्र जमा करने की अंतिम तिथि 19 अप्रैल अपरान्ह 3 बजे तक है।

## चाकूबाजी, मर्डर के विरोध में चेंबर का सारंगढ़ नगर बंद रहा सफल

# जघन्य हिंसक अपराधों से नाराज नागरिकों व्यापारियों ने किया नगर बंद का समर्थन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायगढ़

सारंगढ़ शहर में एक माह के अंदर चाकूबाजी में दो युवकों की हत्या से नगर समेत जिले भर में जबरदस्त रोष देखने को मिला। बिगड़ चुकी कानून और व्यवस्था को लेकर चेंबर आफ कामर्स के आव्हान पर बुधवार को सारंगढ़ नगर स्वस्फूर्त बंद रहा। पालिका में एक भी दुकान नहीं खुली। जिला मुख्यालय सारंगढ़ मे बढ़ते अपराध को लेकर अंचलवासियो मे आक्रोश व्याप्त है। कानून और व्यवस्था को लेकर जिला बनने के बाद पहली बार जिला मुख्यालय सारंगढ़ में बंद का आव्हान किया गया जो कि शतप्रतिशत सफल रहा।

आम तौर पर शांत माने जाने वाले सारंगढ़ में लगातार अपराध बढ़ रहे है। अपराधियो के बुलंद हौसले का अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि एक माह मे ही यहां पर शहर के भीतर चाकूबाजी से दो युवाओ की खुलेआम हत्या कर दी गई। खास बात यह है कि अपराधी सोशल मिडिया में खुलेआम अपराध और हथियार का फोटो.विड़यो शेयर करके धमकी दे रहे है कि



नगर बंद के दौरान सारंगढ़ के बाजार में दुकानों पर लगे ताले, पसरा सन्नाटा।

कई और शिकार अभी बाकी है। वहीं अपराध और अपराधियो पर लगाम लगाने में पुलिस असक्षम साबित हुई है और अपराधियो में किसी भी प्रकार का भय या डर नही है। पुलिस का अपराधियो के प्रति नरम रवैया का असर यह हुआ है कि अपराधियो से जेल मे मुलाकाती समय का भी विड़यो सोशल मिडिया मे डालकर एक दूसरे का उत्साह बढ़ा रहे है। वही चाकू.बंदूक के साथ ग्रुप फोटो शेयर करके शहर मे दहशतगर्दी का माहौल पैदा किया था रहा है। इन्ही बातों को लेकर सारंगढ़ चेंबर आफ कामर्स की ओर से 18 अप्रैल को सारंगढ़ बंद का आव्हान किया गया जो कि शतप्रतिशत सफल रहा। व्यापारियो और फुटकर व्यापारियो ने स्व.स्फूर्त अपनी प्रतिष्ठान बंद कर कानून और व्यवस्था के विरोध मे अपना समर्थन प्रदान किया। वहीं सुबह से ही सब्जी बेचने वाले फुटकर विक्रेताओ से लेकर बड़े होटल और दिनचर्या के सामानो के विक्रेताओ ने दुकाने नहीं खोली।

#### इन क्षेत्रों में पूर्ण बंद

नगरपालिका क्षेत्र के जयस्तंभ चौक, सदर रोड़, मेन रोड़, आजाद चौक, नंदा चौक, नगर पालिका रोड़, रायपुर रोड़, बिलासपुर रोड़, धर्मशाला गली, पुराना मछली बाजार रोड़, दुर्गा मंदिर रोड़, वीरांगना काम्लेक्स, बस स्टैंड, भारतमाता चौक, रायगढ़ रोड़, गौरवपथ, प्रतापगंज, बिलासपुर रोड़, रानीसागर, कालेज रोड़, टाकीज चौक, बीरपारा, जेलपारा, तुर्की तालाब रोड़, जनपद पंचायत रोड़, पोस्ट आफिस चौक, बनिया पारा, फुलझरिया पारा, कचहरी चौक, कलेक्टोरेट चौक, दैनिक सब्जी बाजार सहित सभी स्थानो पर छोटी मोटी पसरा दुकान से लेकर बड़े.बड़े व्यावसायिक प्रतिष्ठान शतप्रतिशत बंद रहे। अतिआवश्यक सेवाओ को छोड़कर इस बंद में हर वर्ग ने अपनी सहभागिता निभाई है। युवाओ से लेकर वरिष्ठो ने भी इस बंद को अपना सर्मथन देकर सारंगढ़ में बिगड़ रही कानून और व्यवस्था को लेकर अपना आक्रोश जाहिर कर दिया है।

## कांग्रेस प्रत्याशी मेनका ने दाखिल किया नामांकन

**रायगढ़।** रायगढ़ लोकसभा से सीट से किस्मत आजमा रहीं डॉ. मेनका सिंह आज दिनांक को नामांकन पत्र दाखिल करने के पहले जिला कांग्रेस कार्यालय पहुंचीं। जहाँ उन्होंने कांग्रेस कार्यकर्ताओं को अपनी असली ताकत बताते हुए उन्हें चुनावी प्रचार प्रसार में पूरी ऊर्जा झोंकने की अपील भी की। भीषण धुप गर्मी के बावजूद डटे रहे कार्यकर्ता गुरुवार दोपहर तपती धूप होने के बावजूद जिला कांग्रेस कमेटी कार्यालय के जबर्दस्त भीड़ देखने को मिली सबसे बड़ी बात कि कांग्रेस कार्यालय में रायगढ़ सहित सारंगढ़ बिलाईगढ़ और जशपुर जिले के भी कांग्रेस नेता व कार्यकर्ता उपस्थित रहे। लोकसभा उम्मीदवार डॉ. मेनका सिंह के साथ उनके



पति डॉ. परिवेश मिश्रा, बहन पूर्व सांसद पुष्पा देवी सिंह, बेटी, गोल्डी नायक भी जिला कांग्रेस कार्यालय पहुंचे। कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने मेनका देवी सिंह का आत्मीय स्वागत कर इस चुनावी महासंग्राम में तनए मन और धन से सहयोग करने का आश्वासन भी दिया।

## आंचार सहिता उल्लंघन पर त्वरित कार्रवाई के लिए सी विजिल एप पर करें शिकायत

**रायगढ़।** लोकसभा निर्वाचन 2024 के लिए भारत निर्वाचन आयोग द्वारा नागरिकों के निर्वाचन उल्लंघन से संबंधित शिकायतों के त्वरित कार्रवाई के लिए सी विजिल एप सिटिजन विजिल एप देश में चालू है। आचार संहिता के उल्लंघन के मामलों में नागरिकों की सहभागिता बढ़ाने एवं शिकायतों के त्वरित निराकरण के लिए भारत निर्वाचन आयोग द्वारा निर्मित सी विजिल एप्लीकेशन को और भी सशक्त बनाया गया है। अब आम नागरिक आचार संहिता उल्लंघन के मामलों की शिकायत लाइव फोटोग्राफ एवं वीडियो के साथ साथ ऑडियो क्लिप के माध्यम से भी कर सकेंगे। यदि कोई नागरिक राज्य में आचार संहिता उल्लंघन की कोई घटना देखता है तो सी विजिल एप्लीकेशन का उपयोग करते हुए घटनास्थल की एक फोटो या 2 मिनट की वीडियो या ऑडियो क्लिपिंग बनाकर एप्लीकेशन के माध्यम से शिकायत कर सकता है।



जर्जर पुल से बाहर झांक रहा सरिया।

## घटिया निर्माण से कुछ सालों में ही झांकने लगा सरिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ तालदेवरी

बम्हनीडीह विकासखंड का सिलादेही के महानदी में बने पुल काफी जर्जर हो गया है। इस पर चलने से हमेशा दुर्घटना की आशंका बनी रहती है। स्थानीय लोगों के अनुसार पुल की यह हालात निर्माण एजेंसी द्वारा उपयोग किए गए घटिया सामग्री की वजह से हुई है और पुल स्तरहीन बन गया है जो आज लोगों को साफ दिखाई दे रहा है।

बम्हनीडीह विकासखंड का सिलादेही के महानदी में बने पुल काफी जर्जर होने के साथ सरिया बाहर झांक रहा है। पुल की ऊपरी परत उखड़ कर निकल रही है और छड़ बाहर निकल रहा है। वहीं पुल के जोड़ों में लगे लोहे की रॉड उखड़ गया है। पुल आज पूरी तरह जर्जर हो गया है। उसी में हर रोज ओवरलोड वाहन भी चल रहे हैं। जिससे पुल को और खतरा मंडरा रहा है पुल की अगर जल्द से मरम्मत नहीं की गई तो कभी भी पुल में बड़ी घटना घट सकती है। यह पुल सिलादेही और केरा को जोड़ने वाला एकमात्र पुल है। पुल के ऊपर से गुजरने वाले राहगीर और वाहन चालक अपनी जान हथेली में लेकर गुजरते है। यह मार्ग बिर्रा केरा,शिवरीनारायण, बिलासपुर मुख्य मार्ग है। यह मार्ग में भारी भरकम मालवाहक तथा सवारी बसें सहित अन्य छोटी बड़ी गाडियां इस क्षतिग्रस्त पुल के ऊपर से गुजरती हैं। पुल के टुटे हुए काफी समय बीत जाने के बावजूद भी जिम्मेदार शासन प्रसाशन के अधिकारी कर्मचारी पुल के मरम्मत पर कोई ध्यान नहीं दे रहे हैं। लगता है कि प्रशासन को किसी बड़ी दुर्घटना का इंतजार है। सिलादेही हसदेव पुल अत्यधिक जर्जर अवस्था में पहुंच चुका है। पुल में लगे सरिया भी दिख रहा है। जगह जगह पर गढ्ढे निर्मित हो चुके हैं। इसकी वजह से आये दिन छोटी मोटी दुर्घटनाएं घटित होना आम बात हो गई है। जांजगीर चांपा जिले के जिम्मेदार अधिकारी कर्मचारी व नेतागण वक्त पुलिया को पार कर हमेशा आते जाते हैं, लेकिन जिम्मेदार व्यक्ति इस ओर ध्यान नहीं दे रहे हैं।

> ■ ग्राम सिलादेही के महानदी में बने पुल हादसे को कर रहा आमंत्रित

#### कराया जाएगा कार्य प्रारंभ

बम्हनीडीह विकासखंड का सिलादेही के महानदी में बने पुल काफी जर्जर हो गया है। लेबर नहीं होने कारण काम रूका हुआ, लेबर आते ही काम प्रारंभ किया जायेगा।

-आर. के वर्मा,
एसडी सेतु विभाग



## खबर संक्षेप

### दुर्घटना मामले में 25 हजार की राशि स्वीकृत

**जशपुरनगर।** अनुविभागीय अधिकारी राजस्व जशपुर ने सड़क दुर्घटना के एक मामले में प्रभावित परिजन हेतु 25 हजार रुपए की राशि स्वीकृत की है। जिसके अंतर्गत मनोरा तहसील के ग्राम करदाना निवासी स्व. फुलमनी बाई की ऑटो वाहन क्रमांक सीजी 14 एमआर 7362 से सड़क दुर्घटना में 31 मई 2023 को मृत्यु हो जाने से मृतिका के निकटतम वारिस मृतिका के पुत्र जयपालन राम, जगत पाल राम एवं पुत्री अमृता बाई हेतु 25 हजार की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत की गई है।

### जनहानि के चार मामलों में 16 लाख स्वीकृत

**जशपुरनगर।** कलेक्टर डॉ.रवि मित्तल ने प्राकृतिक आपदा में जनहानि के चार मामलों में प्रभावित परिजन हेतु आरबीसी 6-4 के तहत16 लाख रुपए की आर्थिक सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की है। जिसमें पत्थलगांव तहसील, उप तहसील बागबहार अंतर्गत ग्राम सुरंगपानी निवासी अजीत मुण्डार का डबरी के पानी में डूबने से 10 फरवरी 2023 को मृत्यु हो जाने पर मृतक निकटतम वारिस मृतक के पत्नी सुक्रीता मुण्डार हेतु 4 लाख रुपए की आर्थिक सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की गई है। इसी प्रकार ग्राम काडरो निवासी जंगी केरकेट्टा का कुआं के पानी में डूबने से 04 अगस्त 2023 को मृत्यु हो जाने पर मृतक के निकटतम वारिस मृतक के पत्नी फुलमनी, ग्राम पेमला निवासी सनरखन का डबरी के पानी में डुबने से 25 अक्टूबर 2023 को मृत्यु हो जाने पर मृतक के पत्नी मंगनी बाई एवं ग्राम पेमला निवासी सनियारों पैंकरा का कुआं के पानी में डुबने से 17 जुलाई 2023 को मृत्यु हो जाने पर मृतिका के निकटतम वारिस मृतिका के पति शत्रुघन हेतु 4-4 लाख रूपए की आर्थिक सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की गई है।

### 7 मई को मतदान के 48 घंटे पूर्व से बंद रहेंगी मदिरा दुकाने

**जांजगीर-चांपा।** छत्तीसगढ़ शासन, वाणिज्यिक कर आबकारी विभाग, मंत्रालय के निर्देशानुसार कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी आकाश छिकारा ने छत्तीसगढ़ आबकारी अधिनियम, 1915 की धारा 24 की उप-धारा (1) के अंतर्गत लोकसभा निर्वाचन 2024 के तृतीय चरण के मतदान तिथि मंगलवार 7 मई को जिले में स्थित समस्त मदिरा दुकानों को मतदान समाप्ति के 48 घण्टे पूर्व से अर्थात 5 मई को सायं 6 बजे से 7 मई तक सम्पूर्ण दिवस के लिए तथा मतगणना तिथि 4 जून मंगलवार को जिले के देशी एवं विदेशी मदिरा दुकान जांजगीर, देशी एवं विदेशी मदिरा दुकान नैला, प्रीमियम शॉप जांजगीर, देशी कम्पोजिट मदिरा दुकान खोखरा, देशी कम्पोजिट मदिरा दुकान पिसौद, देशी कम्पोजिट मदिरा दुकान सरखो एवं मद्यभाण्डागार जांजगीर को संपूर्ण दिवस के लिये बंद रखे जाएंगे।

### 100 मिनट के अंदर शिकायत करने पर की जाएगी कार्रवाई

**जांजगीर-चांपा।** भारत निर्वाचन आयोग निर्वाचन आयोग द्वारा सी-विजिल मोबाइल एप जारी किया गया है। इस एप के जरिए कोई भी व्यक्ति आदर्श आचरण संहिता का उल्लंघन की गतिविधियों या घटनाओं की शिकायत चंद मिनटों में दर्ज करा सकता है। इसके लिए अब उसे निर्वाचन अधिकारी के दफ्तर में आने की जरूरत नहीं होगी। इस एप के माध्यम से आदर्श आचार संहिता उल्लंघन की शिकायत होने पर समय रहते कार्रवाई की जाएगी। सी-विजिल मोबाइल एप पर शिकायत प्राप्त होते हुए उड़नदस्ता तुरंत मौके पर पहुँच कर जरूरी कार्रवाई करेगा। इस ऐप के माध्यम से आने वाली हर शिकायत पर 100 मिनट के अंदर कार्रवाई की जाएगी।

### बुजुर्ग की हत्या करने वाले दो आरोपी चढ़े पुलिस के हत्थे

**जांजगीर-चांपा।** सकर्रा गांव में बुजुर्ग की हत्या करने वाले 2 आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। जिसमें एक नाबालिग को बाल संप्रेक्षण गृह भेजा गया है। मामला मालखरौदा थाना अंतर्गत ग्राम सकर्रा का है। विगत दिवस बुजुर्ग समारूलाल सारथी की लाश मिलने की सूचना मिली थी।

माता रानी और गुरु का लिया आशीर्वाद

# चार दिवसीय रामनवमी महायज्ञ समापन में शामिल हुए सीएम


बगिया में महायज्ञ के समापन मौके पर उपस्थित मुख्यमंत्री साय।


रामनवमी महोत्सव में शामिल विधायक गोमती व अन्य।

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

जिले के कांसाबेल ब्लाक के बगिया स्थित सीएम निवास में आयोजित चार दिवसीय भव्य रामनवमी महायज्ञ में शामिल होने के लिए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय जशपुर पहुंचे। यहां उन्होनें धर्मपत्नी कौशल्या साय और स्वजनों के साथ मातारानी और अपने गुरू धनपति पंडा का आर्शीवाद लिया। कार्यक्रम में शामिल होने के लिए मुख्यमंत्री साय शासकीय हेलीकाप्टर से बगिया पहुंचे ।

यहां वे कुनकुरी और केराडीह में आयोजित रामनवमी पूजा समारोह में शामिल होने के साथ ही रात्रि विश्राम के बाद गुरूवार को बिलासपुर के लिए रवाना हुए। इससे पहले सीएम निवास में मुख्यमंत्री की पत्नी कौशल्या साय ने विधि- विधान से नवकन्या पूजन किया और उन्हें भोजन करा कर आर्शीवाद लिया। सत्य सनातन धर्म देवी संत समाज ने बगिया के सीएम निवास में चार दिवसीय भव्य रामनवमी महायज्ञ का आयोजन किया था। इसका शुभारंभ 14 अप्रैल को कलश यात्रा से हुआ था। इस कलश यात्रा में मुख्यमंत्री की पत्नी कौशल्या साय भी शामिल हुई थीं। इस आयोजन से बगिया पूरी तरह से भक्ति में डुबा हुआ था। 17 अप्रैल को आयोजन का अंतिम दिन होने और माता रानी को विदाई देने के लिए जशपुर जिले के साथ,पड़ोसी राज्य ओडिशा और झारखंड से भारी संख्या में श्रद्वालु यहां जुटे थे। मुख्यमंत्री ने पूर्णाहुति देकर रामनवमी महायज्ञ का समापन किया। वैदिक मंत्रोच्चार के बीच सहस्त्र स्नान और आर्शीवाद के बाद श्रद्वालुओं ने मांदर और झांझ की थाप के साथ भक्ति संगीत में झूमते हुए माता रानी की प्रतिमा को मैनी नदी के जल में विसर्जित किया।

## रामनवमी महोत्सव पर निकली भव्य कलश यात्रा


जय श्रीराम का नारा लगाते श्रद्धालु।


कलश यात्रा में शामिल महिलाएं।

**जशपुरनगर।** गरियादोहर में महाकुल समाज द्वारा आयोजित अष्ट प्रहरी अखंड कीर्तन में विधायक गोमती साय,भाजपा जिलाध्यक्ष सुनील गुप्ता व मंडल अध्यक्ष दिनेश प्रसाद

■ विधायक गोमती साय व जिलाध्यक्ष सुनील गुप्ता सहित हजारों की संख्या में जुटे श्रद्धालु

सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। इससे पहले बुधवार को रामनवमी महोत्सव पर जगह-जगह शोभा यात्रा निकाली गई,जिसमें बड़ी संख्या में लोग शामिल होकर श्री राम प्रभु की जयकारा लगाते दिखे। रामनवमी महोत्सव के अवसर पर यहां के गरियादोहर में भव्य कलश यात्रा निकाली गई, जिसमें बड़ी संख्या में महिला पुरुष शामिल हुए। इस अवसर पर महाकुल समाज द्वारा बजरंग बली मंदिर प्रांगण में अष्ट प्रहरी अखंड कीर्तन का आयोजन किया गया। झंडे लेकर मंदिर प्रांगण से निकाली गई कलश यात्रा मुख्य बस्ती होकर मैनी नदी तट पहुंची, वहां से वैदिक मंत्र उच्चारण कर कलश में पवित्र जल भर कर पुनः वापस मंदिर प्रांगण लौटी और अधिवास रखा गया। गुरुवार की सुबह 7 बजे अष्ट प्रहरी अखंड कीर्तन नाम यज्ञ का शुभारंभ किया गया।

***अखंड कीर्तन आयोजन में ओडिशा झारखंड राज्य के मंडली होंगे शामिलः*** बजरंग बली मंदिर समिति द्वारा आयोजित इस अष्ट प्रहरी अखंड कीर्तन में प्रदेश सहित अन्य राज्य ओडिसा, झारखंड के कीर्तन मंडली शामिल होंगे। इस अखंड कीर्तन नाम यज्ञ में शामिल होने के लिए आसपास के हजारों श्रद्धालु शामिल होकर पूजा अर्चना करते हैं, साथ ही एक साथ बैठ कर महाप्रसाद ग्रहण करते हैं।

***शुक्रवार को पूर्णाहुति के साथ नगर भ्रमण व होगा दधिभंजनः*** महाकुल समाज द्वारा आयोजित रामनवमी महोत्सव के अवसर पर आयोजित 24 घंटे अष्ट प्रहरी अखंड कीर्तन के आयोजन का शुक्रवार की सुबह 7 बजे पूर्णाहूति किया जायेगा इसके पश्चात नगर भ्रमण कर दधिभजन किया जायेगा। एक दूसरे को रंग गुलाल लगाकर कृष्ण की भक्ति में सराबोर होंगे।

## नारायणपुर में निकली शोभा यात्रा

**जशपुरनगर।** नारायणपुर में रामनवमी की शोभा यात्रा धूमधाम व भव्य तरीके से निकाली गई। जुलूस में जय जय श्री राम व जय जय हनुमान के नारों से नारायणपुर गूंजता रहा। रामनवमी में राम भक्तों ने काफी जोश के साथ इस वर्ष कुछ नया कर दिखाया। चारो ओर जय श्री राम के नारे गूंज रहे थे जुलूस में भारी संख्या में महिलाएं और बच्चे भी हुए शामिल। रामनवमी की शोभा यात्रा पूजा पाठ के बाद शाम 5 बजे शिव मंदिर परिसर से निकाला गया। इसके बाद शोभा यात्रा कन्या शाला, ग्रामीण बैंक अटल चौक पहुंची। डीजे के धुन में झूमते जय श्रीराम का नारा लगाते बस्ती के मुख्य मार्ग से होकर जय स्तम्भ चौक पहुंचे वंहा भी बजरंग बली के झंडे का विधिवत पूजा किया गया। वहां पूजा अर्चना के बाद नृत्य करते राम भक्त श्री सर्वेशवरी आश्रम पहुंचकर वहां विधि विधान से पूजा अर्चना किए। नारायणपुर मंडली डीजे की धुन पर लोग झुमते रहे। जुलूस में शामिल लोग राम लखन जानकी जय बोलो हनुमान की, जय श्री राम धार्मिक जयकारा लगाते हुए चल रहे थे लोगों के बीच शरबत व चना का वितरण किया गया। इस जुलूस में गांव के ग्रामीण ओर भारी संख्या में महिलाओं की उपस्थिति रही।


रैली में शामिल बच्चे।



## विनोबा एप के साथ शैक्षिक गुणवत्ता उन्नयन प्रशिक्षण शुरू

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

**खास बात**
■ पहले दिन 807 शिक्षक हुए शामिल

कलेक्टर डॉ.रवि मित्तल के मार्गदर्शन में विनोबा एप के साथ शैक्षिक गुणवत्ता उन्नयन के लिए जिले के समस्त विकासखंडों में संचालित सभी प्राथमिक, पूर्व माध्यमिक, हाई और हायर सेकेण्डरी विद्यालयों से एक-एक शिक्षक हेतु कार्यशाला 18 अप्रैल से 20 अप्रैल तक अयोजित हो जा रही है। पहले दिन जशपुर, दुलदुला, कांसाबेल और पत्थलगांव के 807 शिक्षक प्रशिक्षण में शामिल हुए। ओपन लिंक फाउंडेशन पुणे की ओर से जशपुर आई मास्टर ट्रेनर्स की टीम ने इन चार विकासखंडों में विनोवा एप में पंजीयन और इसके उपयोग के विषय में शिक्षकों को जानकारी दी गई। साथ ही एकेडमिक आंकड़ों के संधारण तथा शिक्षकों के नवाचारी और अच्छे कार्यों की शेयरिंग के साथ लर्निंग कैसे करें, इन विषयों पर विस्तृत जानकारी दी गई। आज 18 अप्रैल को दो सत्रों में सुबह 9:30 बजे से दोपहर 12:30 बजे तक तथा दोपहर 2.00 बजे से 5.00 बजे तक अलग-अलग बैच में शिक्षकों की ट्रेनिंग विकासखंड मुख्यालय में विकासखंड शिक्षा अधिकारियों एवं एबीईओ की उपस्थिति में सम्पन्न हुई।

## डाक मतपत्र से मतदान के लिए पोस्टल वोटिंग सेंटर एवं सुविधा केंद्र स्थापित

**जशपुरनगर।** मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी छत्तीसगढ़ रायपुर के निर्देशानुसार लोकसभा निर्वाचन 2024 के अंतर्गत निर्वाचन कर्तव्य पर तैनात सभी अधिकारी-कर्मचारियों के लिए डाक मतपत्र के माध्यम से सुविधा केन्द्र तथा अनुपस्थित श्रेणी अनिवार्य सेवा के मतदाताओं को पोस्टल वोटिंग सेंटर में मतदान करने हेतु 03-03 केन्द्र बनाए गए हैं। कलेक्टर डॉ.रवि मित्तल ने लोकसभा क्षेत्र क्रमांक 02 रायगढ़ अंतर्गत परिक्षेत्र जिला जशपुर तृतीय चरण में निर्वाचन कर्तव्य पर तैनात तथा अनुपस्थित श्रेणी अनिवार्य सेवा के अधिकारियों-कर्मचारियों को नामांकित विधानसभा के सहायक रिटर्निंग अधिकारी के पास सुविधा केन्द्र व पोस्टल वोटिंग सेंटर में उपस्थित होकर निर्वाचन तिथि को निर्धारित समय पर मतदान करने हेतु निर्देशित किया गया है। पोस्टल वोटिंग सेंटर - अनिवार्य सेवा के अधिकारी-कर्मचारियों हेतु जिले के तीनों विधानसभा के तहसील कार्यालय में पोस्टल वोटिंग सेंटर बनाया गया है। जहां डाक मतपत्र के माध्यम से जशपुर विधानसभा के मतदाता 01 से 03 मई 2024 तक, कुनकुरी विधानसभा के मतदाता 29, 30 अप्रैल एवं 01 मई 2024 तक तथा पत्थलगांव विधानसभा के मतदाता 02 से 04 मई 2024 तक प्रातः 9.0 बजे से संध्या 05 बजे तक मतदान कर सकते हैं। सुविधा केन्द्र - कर्तव्य पर तैनात सभी अधिकारी-कर्मचारी हेतु जिले के तीनों विधानसभा के तहसील कार्यालय में सुविधा केन्द्र बनाया गया है।जहां डाक मतपत्र के माध्यम से जशपुर एवं कुनकुरी विधानसभा के मतदाता 04 से 06 मई 2024 तक एवं पत्थलगांव विधानसभा के मतदाता 02 से 06 मई 2024 तक प्रातः 10 बजे से संध्या 05 बजे तक मतदान कर सकते हैं।

## मतदाता जागरूकता कार्यक्रम जशपुर व मनोरा में महिलाओं ने निकाली जागरूकता रैली

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

■ शत-प्रतिशत मतदान के लिए मतदाताओं को दिलाई गई शपथ, किया गया जागरूक


मतदाताओं को शपथ दिलाई गई।

जिले में स्वीप कार्यक्रम के तहत विभिन्न गतिविधियां जारी है। लोकसभा निर्वाचन 2024 में शत-प्रतिशत मतदान के लिए जिले भर में मतदाता जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। विभिन्न ग्राम पंचायतों की स्वयं सहायता समूह की महिलाओं द्वारा सभी कलस्टर में नए मतदाताओं को मतदान हेतु प्रेरित किया जा रहा है। इसी कड़ी में जशपुर ब्लॉक सहित अन्य ब्लॉक और ग्रामों में स्वयं सहायता समूह की महिलाओं ने मतदाता जागरूकता रैली निकालकर और रंगोली बनाकर मेहंदी लगाकर लोगों को मतदान के प्रति जागरूक किया। हाथों में वोट देने की अपील की तख्तियां में वोट डालने जाना है अपना फर्ज निभाना, देश का भाग्य विधाता बने आप मतदाता, सबसे बड़ा दान मतदान, मतदाता वोट हमारा अधिकार, जैसी स्लोगन के साथ महिलाओं ने जागरूकता का सन्देश दिया। इसी तरह मनोरा ब्लॉक में मतदाता जागरूकता रैली निकालकर मतदाताओं को मतदान हेतु प्रेरित किया गया। समूह की महिलाओं द्वारा शपथ लेकर ग्राम वासियों को स्वीप कार्यक्रम से अवगत कराया गया। इस दौरान सभी से लोकसभा चुनाव में 7 मई को मतदान करने का आह्वान किया।

साथ ही नए मतदाताओं को मतदान में शत-प्रतिशत भागीदारी को लेकर शपथ भी दिलाई गई। लोकतंत्र की मजबूती के लिए सभी से मतदान करने की अपील की जा रही है। इसके लिए प्रतिदिन जिले भर में स्वीप गतिविधियों के अंतर्गत हर स्तर पर मतदाता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है।

## सोशल आउटरीच प्रोजेक्ट पर एक दिवसीय कार्यशाला


कार्यशाला को संबोधित करते प्राचार्य डां.विजय रक्षित।

**जशपुरनगर।** शासकीय राम भजन राय एनईएस स्नातकोत्तर महाविद्यालय के स्वर्ण जयंती सभागार में विज्ञान संकाय एवं आईक्यूएसी के सहयोग से एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला का विषय स्नात्तकोत्तर कक्षा में सोशल आउटरीच प्रोजेक्ट प्रबंध का था। कार्यशाला के प्रारम्भ में महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ विजय रक्षित ने मां सरस्वती के छायाचित्र पर दीप प्रज्वलित कर किया। प्राचार्य ने कार्यशाला आयोजन करने के उद्देश्य एवं सोशल आउटरीच प्रोजेक्ट पर अपने विचार व्यक्त करते हुये बताये यह शोध कार्य का प्रथम सीढ़ी है, आज के समय में किस प्रकार से किसी भी विषय पर सूक्ष्म अध्ययन किया जाता है। महाविद्यालय के रसायन विज्ञान के प्राध्यापक डॉ हरिकेश कुमार ने उपस्थित छात्र छात्राओं को सोशल आउटरीच प्रोजेक्ट के संबंध में पीपीटी के माध्यम से विषय का चयन, संबंधित विषय में पूर्व में किए गए कार्य, विषय वस्तु, अनुक्रमणिका, प्रश्नावली साक्षात्कार, अनुसूची और संदर्भ ग्रंथ सूची के संबंध में विस्तृत जानकारी प्रदान की। महाविद्यालय के लाइब्रेरियन विश्वनाथ प्रताप सिंह ने इलेक्ट्रॉनिक रिसोर्सेज, पूर्व में किए गए शोध पेपर, पीएचडी थीसिस, लघु शोध प्रबंध, एवं प्रोजेक्ट रिपोर्ट को ऑनलाइन प्राप्त करने के तरीकों के बारे में विस्तार से जानकारी दिए। उन्होंने छात्र छात्राओं को इस संबंध मे विशेष रूप से जानकारी दी कि आपको अपने विषय संबंधी जानकारी कहां से और कैसे प्राप्त किया जायेगा। इसके पश्चात विभागाधयक्ष अंग्रेजी रिजवाना खातून ने पीजी कक्षाओं के द्वितीय सेमेस्टर के उपस्थित छात्र छात्राओं को प्रोजेक्टर के माध्यम से शोध कार्य में सूचना प्रौद्योगिकी का किस प्रकार से उपयोग किया जा सकता है। इसके अलावा आईसीटी का उपयोग मोबाइल फोन में करके किस प्रकार से प्रोजेक्ट को बनाए जाते हैं। कार्यक्रम का सम्पूर्ण संचालन महाविद्यालय के विभागाध्यक्ष जन्तु विज्ञान के श्रीमती ज्योति तिर्की द्वारा किया गया। एक दिवसीय कार्यशाला में डॉ विनय के तिवारी, प्रिंसी कुजूर, आइलीन एक्का, मनोरंजन कुमार, अजय राजवाड़े, घनसुन्दर प्रधान, अलका सिंह, किरण रजवाड़े, अलीमा सोनी, जयंती सन्यासी और विज्ञान संकाय के समस्त छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अन्त में महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ विजय रक्षित ने आज के कार्यशाला के सभी स्त्रोत प्राध्यापको को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया तथा भविष्य में भी आशा व्यक्त किया कि आगामी समय में इसी प्रकार का छात्र हितेषी कार्यक्रम आयोजित किए जाए।

## सेना भर्ती के लिए ऑनलाइन परीक्षा की तारीखें घोषित

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

**खास बात**
■ बिलासपुर, रायपुर, भिलाई, दुर्ग और जगदलपुर में आयोजित की जाएगी परीक्षांए

सेना भर्ती के लिए ज्वाइन इंडियन आर्मी की वेबसाइट पर रजिस्ट्रेशन कराने वाले उम्मीदवारों के लिए ऑनलाइन कॉमन एंट्रेंस एग्जाम की तारीख सेना द्वारा घोषित कर दी गई है।

विभिन्न श्रेणियों के लिए ऑनलाइन परीक्षा 22, 23, 24, 25, 29, 30 अप्रैल एवं 02, और 03 मई 2024 को निर्धारित 5 परीक्षा केन्द्रों बिलासपुर, रायपुर, भिलाई (दुर्ग), दुर्ग और जगदलपुर में आयोजित की जाएगी। प्रत्येक दिन ऑनलाइन परीक्षा 3 शिफ्ट में आयोजित की जाएगी । इस बार से अग्निवीर ऑफिस असिस्टेंट, एसकेटी में आवेदन करने वाले उम्मीदवारों का टाइपिंग टेस्ट ऑनलाइन परीक्षा सेंटर पर लिया जायेगा। उम्मीदवारों के डाउनलोड करने के लिए प्रवेश पत्र भारतीय सेना की वेबसाइट www-joinindianarmy- nic-in पद पर अपलोड किए गए है। छत्तीसगढ़ में ऑनलाइन परीक्षा हेतु 05 केन्द्रों का निर्धारण किया गया है। इनमें बिलासपुर के आई ओ एन डिजिटल जोन आई डी जेड, लख्मीचंद इंस्टिट्यूट ऑफ़ टेक्नोलॉजी, बोडरी, नियर हाई कोर्ट, बिलासपुर एवं चौकसी इंजीनियरिंग कॉलेज, मस्तुरी रोड लाल खदान, बिलासपुर, छत्तीसगढ़ निर्धारित है। इसी प्रकार रायपुर में आई ओ एन डिजिटल जोन आई डी जेड, पार्थिवी प्रो प्रोवाइन कमर्शियल काम्प्लेक्स, संत रविदास वार्ड नम्बर 70, सरोना, रायपुर व कलिंगा यूनिवर्सिटी, कोतनी नियर कैपिटल काम्प्लेक्स, नया रायपुर, भिलाई (दुर्ग) में आई ओ एन डिजिटल जोन आई डी जेड, ग्राउंड 2 दूसरा एवं तीसरा फ्लोर, पार्थिवी कॉलेज ऑफ़ इंजीनियरिंग एंड मैनेजमेंट सिरसाकला, भिलाई नगर, रुंगटा इन्फोटेक सिस्टम प्राइवेट लिमिटेड, कोहका कुरूद रोड, भिलाई, भिलाई नगर, साईं कॉलेज, स्ट्रीट -69, सेक्टर-6, भिलाई नगर, मनसा कॉलेज, कोहका कुरूद रोड, भिलाई, दुर्ग में छत्रपति शिवाजी इंस्टिट्यूट ऑफ़ टेक्नोलॉजी, शिवाजी नगर, बालोद रोड, दुर्ग, भारती कॉलेज ऑफ़ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी, पुलगांव चौक, दुर्ग तथा जगदलपुर में झाडा सिरहा शासकीय इंजीनियरिंग महा विद्यालय, जगदलपुर निर्धारित है। उम्मीदवारों को एडमिट कार्ड पर दिए गए सभी निर्देशों का पालन करने की सलाह दी गई है साथ ही समय पर अपने परीक्षा केंद्र पर पहुचने के लिए कहा गया है।

ईवीएम,वीवीपैट का हैंड्स ऑन ट्रेंनिंग एवं सीलिंग प्रक्रिया की दी गई जानकारी

## निर्वाचन कार्य के लिए सेक्टर अधिकारियों को प्रशिक्षण

**जशपुरनगर।** लोकसभा निर्वाचन 2024 अंतर्गत कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ.रवि मित्तल के मार्गदर्शन में जशपुर जिले के सभी विधानसभा क्षेत्रों के लिए नियुक्त सेक्टर अधिकारियों को आज जिला पंचायत सभाकक्ष में मास्टर ट्रेनर प्रोफेसर डीआर राठिया द्वारा प्रशिक्षण दिया गया। मास्टर ट्रेनर द्वारा सेक्टर अधिकारियों की भूमिका को विस्तार से बताया गया। मास्टर ट्रेनर द्वारा प्रशिक्षण कार्यक्रम में सेक्टर अधिकारियों को निर्वाचन से संबंधित कार्यों का बोध कराया गया। जिले में 116 सेक्टर अधिकारियों को नामित किया गया है। प्रथम चरण के प्रशिक्षण परीक्षा उपरांत कम अंक लाने वाले एवं अनुपस्थिति सेक्टर अधिकारियों का दुबारा प्रशिक्षण दिया गया। इस दौरान कौशल विकास के सहायक संचालक प्रकाश यादव सहित निर्वाचन शाखा के कर्मचारी उपस्थित थे। मास्टर ट्रेनर ने बताया कि सेक्टर अधिकारी, निर्वाचन अधिकारी एवं मतदान दल के बीच के कड़ी होते हैं। इसलिए उन्हें अपने अधीनस्थ सेक्टर के सभी केन्द्रों की मतदान प्रक्रिया प्रभावित न हो इसलिए सेक्टर अधिकारियों को मतदान के पूर्व, मतदान सामग्री वितरण के दिन तथा मतदान दिवस को क्या-क्या कार्य किया जाता है के संबंध में विस्तार पूर्वक जानकारी दी गई है। तथा ईव्हीएम में समस्या आने पर त्वरित समाधान कैसे किया जाता है के बारे में जानकारी दी गई है। तथा ईवीएम, सीयू, बीयू वीवीपीएटी का हैंड्स ऑन ट्रेनिंग एवं सीलिंग की प्रक्रिया के बारे में दी गई जानकारी। निर्वाचन कार्य के सभी बिन्दुओं का महत्व समझते हुए किसी भी प्रकार की लापरवाही नहीं करने के स्पष्ट निर्देश दिए।

18- APR-Jash-RAGH--CORIYA-Bhoomi pg-3_Layout 1 4/18/2024 7:22 PM Page 1





# विक्रम के जन्मदिन पर फैंस को मिला तोहफा...

**मुंबई।** 'चियान' विक्रम मौजूदा समय में भारतीय सिनेमा के सबसे होनाहर एक्टर्स में हैं। 17 अप्रैल 1986 को चेन्नई में पैदा हुए विक्रम बुधवार को 57 साल के हो गए हैं। मूल रूप से तमिल फिल्मों में काम करने वाले इस सुपरस्टार की अपकमिंग फिल्म 'थंगालन' बीते कई महीनों से चर्चा में है। फिल्म का टीजर रिलीज हो चुका है और किरदार के लिए उनके लुक और ट्रांसफॉर्मेशन को देख हर कोई हैरान है। बुधवार को एक्टर के जन्मदिन के मौके पर मेकर्स ने इस फिल्म से एक और वीडियो रिलीज किया है। 49 सेकेंड के इस वीडियो में थंगालन बने विक्रम एक बार फिर आंखों से होते हुए रूह में उतर जाते हैं।

लाइफ Style

# जान्हवी

## गद्दारी की कीमत जान से चुकाई जा सकती है

एजेंसी ▶▶ मुंबई


जान्हवी कपूर की नई फिल्म 'उलझ' का टीजर रिलीज हो गया है, जो काफी इंगेजिंग है। फिल्म में जान्हवी के युवा आईएफएस अफसर सुहाना के रोल में हैं। फिल्म में गुलशन देवैया और रोशन मैथ्यू भी हैं।

जान्हवी एक ऐसी युवा अफसर बनी हैं, जो गद्दारी, धोखे और वफादारी के जाल के बीच अपने वतन के लिए देशभक्ति साबित करने में लगी हैं। लेकिन इस चक्कर में वह बुरी तरह फंस जाती हैं। उलझ के टीजर की शुरुआत एक वॉइस ओवर से होती है। आवाज आती है- सुहाना, आपको क्या लगता है कि आपने जो भी किया अपने वतन के लिए किया? गद्दारी, वफादारी...ये सब अल्फाज हैं सुहाना, जिनमें सिर्फ हम जैसे लोग उलझते हैं। ये नेशंस, ऑर्डर...ये रेत में खींची गई लकीरें हैं। इनकी कोई कीमत नहीं है।'

इसके बाद फिर सुहाना बनी जान्हवी को कभी छुपकर मोबाइल फोन में कुछ रिकॉर्ड करते हुए तो कभी चोरी से डॉक्यूमेंट्स खंगालते हुए दिखाया जाता है। और तभी गोली की आवाज आती है। कुछ देर की चुप्पी और फिर सुहाना यानी जान्हवी की आवाज सुनाई पड़ती है- गद्दारी की कीमत सिर्फ जान से चुकाई जा सकती है। जान्हवी कपूर ने भी अपनी इस फिल्म का टीजर इंस्टाग्राम पर शेयर किया और लिखा- झूठ, धोखे और विश्वासघात की दुनिया में एंट्री करें। 'उलझ' 5 जुलाई को सिनेमाघरों में।' 'उलझ' 5 जुलाई को थिएटर्स में रिलीज होगी।



हॉलीवुड मसाला



# प्रिंस नसीम हमीद की बायोपिक में

**लसॅस एंजिलिस।** पियर्स ब्रॉसनन जल्द ही ब्रिटिश-यमनी मुक्केबाज प्रिंस नसीम 'नाज' हमीद की बायोपिक में नजर आने वाले हैं। स्पोर्ट्स ड्रामा फिल्म 'जाइंट' में वे अमीर अल-मसरी के साथ अभिनय करते दिखेंगे। फिल्म की कहानी बॉक्सिंग चैंपियन और उनके आयरिश मूल के बॉक्सिंग ट्रेनर ब्रेंडन इंगले के इर्द गिर्द बुनी गई है। फिल्म में अल-मसरी नाज की भूमिका निभाएंगे और ब्रॉसनन इंगल के किरदार को पर्दे पर निभाते हुए दिखेंगे। इसका निर्देशन रोवन अथाले करेंगे।



# 13वें बॉयफ्रेंड के साथ कोजी होती दिखीं टेलर

**लॉस एंजिलिस।** इस साल, कोचेला 2024 में एक नई चमक दिखी। टेलर स्विफ्ट और बॉयफ्रेंड ट्रैविस केल्से एक साथ टहलते नजर आए। पॉप सुपरस्टार ने ब्लीचर्स की धुनों पर अपने सिग्नेचर स्टेप्स किए। टेलर को वीआईपी स्टैंड में अपने लवर केल्से के साथ देखा गया। वीडियो में लवबर्ड्स को कैलिफ़ोर्निया के इंडियो में फेस्टिवल में साथ देखा गया। उनके कई लव मोमेंट्स भी इस वीडियो में कैप्चर हुए। बहामास में छुट्टियां मना रहे टेलर और केल्से ने एक साथ समय बिताने का एक नया तरीका ढूंढ लिया है। इससे पहले कि दोनों अपने-अपने करियर में काम को फिर से शुरू करें, इस कपल को शनिवार को कोचेला में देखा गया।



# बेबी बंप के साथ कर रही शूटिंग...

**मुंबई।** दीपिका पादुकोण मां बनने वाली हैं। सितंबर, 2024 में उनको बेबी होने वाला है और इसके लिए वह और रणवीर सिंह, दोनों ही खूब एक्साइटेड हैं। खुश हैं। हालांकि एक्ट्रेस काम कर रही हैं। उनकी कुछ तस्वीरें सामने आई हैं, जो कि रोहित शेट्टी की फिल्म 'सिंघम अगेन' के सेट की हैं। यहां वह बेबी बंप के साथ नजर आ रही हैं। जिसको देख फैन्स का दिल बाग-बाग हो रहा है। रोहित शेट्टी की डायरेक्टेड फिल्म 'सिंघम अगेन' में दीपिका पादुकोण 'लेडी सिंघम' के रूप में नजर आएंगी। इनका एक लुक पिछले साल, 2023 में रिवील किया गया था। जिसमें ये खून से लथपथ पुलिस की वर्दी में नजर आ रही थीं। वहीं, अब वह एक बार फिर से पुलिस की वर्दी में दिखाई दे रही हैं। साथ ही रोहित शेट्टी भी मौजूद हैं। वायरल हो रही तस्वीरों में दीपिका पादुकोण का बेबी बंप दिखाई दे रहा है।



# 'सिकंदर' से जुड़ा इंडस्ट्री का बड़ा नाम...

**मुंबई।** टाइगर 3 के बाद सलमान खान जल्द ही सिंकदर नाम की फिल्म में नजर आने वाले हैं। हाल ही में इस फिल्म की घोषणा गई थी, जिसके बाद फैंस काफी ज्यादा उत्साहित हो गए थे। इस फिल्म के निर्देशन की जिम्मेदारी साउथ के मशहूर निर्देशक एआर मुर्गदास को सौंपी गई है। इस मेगा प्रोजेक्ट का निर्माण साजिद नाडियाडवाला कर रहे हैं। अगले साल ईद के मौके पर रिलीज होने वाली इस फिल्म का प्रशंसकों को बेसब्री से इंतजार है। इस बीच फिल्म को लेकर एक बड़ा अपडेट सामने आया है। अपने गानों से लाखों दिलों पर राज करने वाले प्रीतम चक्रवर्ती इस फिल्म में संगीत देंगे। प्रोजेक्ट के साथ उनके जुड़ने से फैंस फिल्म में शानदार संगीत की उम्मीद जता रहे हैं। इससे पहले सलमान की फिल्म टाइगर 3 में भी प्रीतम ने ही संगीत दिया था।

टीवी मसाला





# कौन बनेगा करोड़पति 16' के साथ दमदार अंदाज में लौटे अमिताभ...

**मुंबई।** 'कौन बनेगा करोड़पति' के फैंस के लिए बड़ी खुशखबरी है। अमिताभ बच्चन अपने इस शो के 16वें सीजन के साथ जल्द वापसी कर रहे हैं। 'कौन बनेगा करोड़पति 16' के लिए रजिस्ट्रेशन शुरू हो गए हैं, और मेकर्स ने नए प्रोमो के साथ अनाउंसमेंट की है। हालांकि अभी इसकी टेलिकास्ट डेट रिवील नहीं की गई है, लेकिन रजिस्ट्रेशन कबसे हैं, यह जरूर बताया गया है। अगर आप हॉटसीट पर पहुंचने का मौका गंवाना नहीं चाहते, तो तारीख नोट कर लीजिए।कौन बनेगा करोड़पति के पिछले सीजन में अमिताभ बच्चन ने यह कहकर शो खत्म किया था कि अपनों से ये कहना कि कल से हम नहीं आएंगे, ये कहने की न तो हिम्मत हो पाती है और ना ही मन होता है। यह कहते हुए वह भावुक हो गए थे और दर्शक भी रो पड़े थे। लेकिन अब उसी अंत के साथ एक नया आरंभ लेकर अमिताभ बच्चन आ गए हैं। 'कौन बनेगा करोड़पति 16' सोनी टीवी पर आएगा और इसके इंस्टाग्राम अकाउंट पर नए सीजन का पहला प्रोमो शेयर किया गया है। प्रोमो की शुरुआत वहीं से होती है, जहां पर पिछला सीजन यानी 'कौन बनेगा करोड़पति 15' खत्म हुआ था।

## 'खतरों के खिलाड़ी 14' में समर्थ का नाम कंफर्म

**मुंबई।** रोहित शेट्टी के स्टंट बेस्ड शो 'खतरों के खिलाड़ी' के 14वें सीजन का फैंस बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। अब तक कई सितारों के नाम सामने आ चुके हैं, किसी का भी नाम कंफर्म नहीं हुआ था। लेकिन अब ये खुलासा हुआ है कि टीवी एक्ट्रस समर्थ जुरेल और अभिषेक कुमार इसमें हिस्सा लेंगे। दोनों को पिछली बार रिएलिटी शो 'बिग बॉस 17' में देखा गया था। पिंकविला की रिपोर्ट के मुताबिक, समर्थ का नाम 'खतरों के खिलाड़ी 14' के लिए कंफर्म हो गया है। रिपोर्ट्स बता रही हैं कि अभिषेक कुमार भी इस लिस्ट में शामिल हो गए हैं। हालांकि, अभी तक दोनों की ही तरफ से ऑफिशियल अनाउंसमेंट नहीं हुई है। समर्थ जुरेल और अभिषेक कुमार टीवी सीरियल 'उडारिया' में साथ काम कर चुके हैं। इसी सेट पर ईशा मालवीय भी थीं। ईशा ने पहले अभिषेक को डेट किया, लेकिन बाद में रिश्ता तोड़ दिया और समर्थ को डेट करने लगीं। ईशा को लेकर अभिषेक और समर्थ की 'बिग बॉस 17' में भी खूब लड़ाई देखने को मिली थी। अब समर्थ और ईशा का भी ब्रेकअप हो गया है।




# वॉर 2 से ऋतिक रोशन-जूनियर एनटीआर का लुक हुआ लीक

**मुंबई।** निर्देशक अयान मुखर्जी की फिल्म 'वॉर 2' को लेकर फैंस काफी उत्साहित हैं, जिसकी वजह है फिल्म में दो दमदार हीरो का एकसाथ होना। इस फिल्म में ऋतिक रोशन हीरो को किरदार निभाएंगे, जबकि जूनियर एनटीआर विलेन के रोल से तहलका मचाते नजर आएंगे। फिल्म में दोनों के बीच कड़ी टक्कर देखने को मिलेगी। 'वॉर 2' बनने की जब से बात शुरू हुई है, तभी से फैंस इसकी हर एक जानकारी पर अपनी नजर रखते हैं। फिल्म की शूटिंग कुछ समय पहले ही शुरू हुई है। अब फिल्म से ऋतिक रोशन और जूनियर एनटीआर का लुक लीक हो गया है। जोकि सोशल मीडिया पर सनसनी मचा रहा है। फिल्म 'वॉर 2' में ऋतिक के अलावा जूनियर एनटीआर को देखकर फैंस की उत्सुकता दोगुनी हो गई है। क्योंकि फैंस ने यह कभी नहीं सोचा था कि कोई हीरो (जूनियर एनटीआर) विलेन का रोल भी निभा सकता है।



# सामंथा ने मारी घुमाकर लात

*मुंबई। अभिनेत्री सामंथा रुथ प्रभु काफी समय से फिल्मों से दूर हैं। इस बीच वे अलग-अलग चीजें सीखने में अपने समय का सदुपयोग कर रही है। वे कभी योग करते दिखाई देती हैं तो कभी घुड़सवारी। अब इसी सिलसिले में, सामंथा एक नई चीज में हाथ आजमाते हुए देखी गई है, जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। सामंथा ने अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी में एक वीडियो शेयर किया है। इस वीडियो में वे किक बॉक्सिंग करते नजर आ रही हैं। उन्हें जोरदार किक मारते हुए देखा जा सकता है। वे इन दिनों अपने कोच से किक बॉक्सिंग की ट्रेनिंग ले रही हैं। मालूम हो कि वे मायोसिटिस बीमारी से जूझ रही थी। ये बीमारी मांसपेशियों पर बुरा असर डालती है। साल 2023 में उन्होंने स्वास्थ्य पर ध्यान देने का फैसला करते हुए काम से छुट्टी लेने का एलान किया था। सामंथा फिट रहने के लिए खूब मेहनत कर रही हैं।*



# शादीशुदा हैं सुखविंदर! बोले-बगैर उत्सव के भी विवाह होते हैं

**मुंबई।** बॉलीवुड हिट गानों को अपनी आवाज देने वाले अनुभवी गायक और संगीतकार सुखविंदर सिंह आज भी अपनी गायकी से लोगों की खूब तारीफें बटोरते हैं। हालांकि, गायक अब एक बार फिर सुर्खियों में आ गए हैं, लेकिन इस बार वजह उनका कोई गाना नहीं बल्कि निजी जिंदगी है। हिंदी सिनेमा में अपनी आवाज का जादू बिखेरने वाले सिंगर सुखविंदर सिंह ने हमेशा अपनी निजी जिंदगी को काफी निजी रखा है। फैंस को भी अभी तक यही लगता था कि सुखविंदर सिंह अविवाहित हैं, लेकिन गायक के इस बयान ने प्रशंसकों के बीच भी काफी हलचल मचा दी है। गायक ने अपने हालिया इंटरव्यू में कहा, "जरूरी नहीं है कि जिनके बड़े जश्न नहीं होते हैं, वे शादी नहीं करते! करते हैं ना? ऐसे कई सेलिब्रिटीज हैं, जो शादी कर लेते हैं, लेकिन किसी को पता नहीं चलता क्योंकि वे नहीं चाहते कि इसकी खबर बने।



# '500 वर्षों के बाद यह शुभ घड़ी आई है' रामनवमी के अवसर पर भावुक हुए सितारे

**मुंबई।** आज देशभर में रामनवमी का त्योहार मनाया जा रहा है। इस तिथि को प्रभु श्रीराम के जन्मोत्सव के रूप में मनाया जाता है। इस मौके पर देशभर में उल्लास है। श्रीराम की नगरी अयोध्या में भव्य मंदिर निर्माण के बाद यह प्रथम राम नवमी है। इसकी खुशी देखते बन रही है। इस अवसर पर बॉलीवुड सितारे भी बेहद खुश हैं। कई सेलेब्स ने सोशल मीडिया पोस्ट के जरिए अपनी खुशी का इजहार किया है।

***अनुपम खेर :*** अभिनेता अनुपम खेर ने लिखा है, 'आप सभी को रामनवमी की बहुत-बहुत बधाई एवं शुभकामनाएं! प्रभु श्रीराम आप पर हमेशा अपनी कृपा दृष्टि बनाये रखें! जय श्री राम'! अभिनेता के वर्क फ्रंट की बात करें तो इन दिनों वह अपनी आगामी फिल्म 'तन्वी द ग्रेट' की तैयारियों में व्यस्त हैं। इस फिल्म के जरिए वह लंबे वक्त बाद निर्देशन की दुनिया में लौट रहे हैं।





***कंगना रणौत :*** अभिनेत्री कंगना रणौत इस अवसर पर अत्यंत भावुक हो उठी हैं। उन्होंने एक वीडियो साझा किया है, जो अयोध्या राम मंदिर में रामलला मूर्ति स्थापना के वक्त की है। इसके साथ कंगना ने लिखा है, '500 वर्षों के बाद यह शुभ घड़ी आई है, जब पहली बार रामलला अपने भव्य मंदिर में रामनवमी मना रहे हैं'। कंगना फिल्मों के बाद अब राजनीति में सक्रिय हैं। वह हिमाचल प्रदेश के मंडी लोकसभा सीट चुनाव लड़ रही हैं।



***जैकी श्रॉफ :*** जैकी श्रॉफ ने भी अपने प्रशंसकों रामनवमी की बधाई दी है। उन्होंने रामलला प्राण प्रतिष्ठा के दौरान की एक वीडियो साझा की है। अभिनेता ने वीडियो के साथ लिखा है, 'सियावर रामचंद्र की जय! राम नवमी की सभी को शुभकामनाएं'। अभिनेता अजय देवगन ने भी रामनवमी के पर्व पर शुभकामनाएं दी हैं।

***दीपिका चिखलिया :*** अभिनेत्री दीपिका चिखलिया ने भी इस अवसर पर इंस्टाग्राम पर एक वीडियो साझा कर फैंस को रामनवमी की शुभकामनाएं दी हैं। उनके अलावा शिल्पा शेट्टी ने भी इंस्टाग्राम स्टोरी पर पोस्ट साझा कर बधाई दी हैं। बता दें कि आज रामनवमी पर अयोध्या में भगवान श्रीराम का सूर्य तिलक हुआ है। सूर्य की किरणों से रामलला का सूर्याभिषेक किया गया। रामनवमी पर अयोध्या में भक्तों की भारी भीड़ उमड़ी है।



# प्रशांत वर्मा ने दिखाई भक्त और भगवान के मिलन की पहली झलक

**मुंबई।** प्रशांत वर्मा ने फिल्म की एक तस्वीर को सोशल मीडिया पर शेयर किया। यह फिल्म का पहला पोस्टर है। जिसमें भगवान हनुमान और भगवान राम का हाथ दिखाई दे रहा है। ऐसा लग रहा है कि दोनों एक-दूजे से कोई वादा कर रहे हों। यह पोस्टर काफी धार्मिक और सकारात्मक उर्जा से भरा दिखाई दे रहा है। फैंस इस पोस्टर को देखकर काफी रोमांचित हो रहे हैं। फिल्म के पोस्टर काफी धार्मिक दिखाई दे रहा है। पोस्टर पर लिखा 'वजनं धर्मस्य रक्षणं' है। इसका अर्थ है, ''त्रेतायुग में एक पवित्र वादा किया गया था जिसकी कलयुग में रक्षा की जाएगी।'' तेजा सज्जा के फैंस के लिए भी खुशखबरी है। इस फिल्म में तेजा सज्जा अहम किरदार में नजर आएंगे। साउथ अभिनेता तेजा सज्जा ने अपनी फिल्म 'हनुमान' से दर्शकों का खूब मनोरंजन किया था। अब इस फिल्म के सीक्वल की घोषणा भी की जा चुकी है। इस फिल्म के सीक्वल की खबर को लेकर फैंस बेहद खुश हैं। फिल्म 'हनुमान' ने बॉक्स ऑफिस पर काफी अच्छा प्रदर्शन करते हुए कई रिकॉर्ड तोड़े थे। 'हनुमान' की सफलता के बाद तेजा सज्जा के पास कई बड़ी फिल्मों के ऑफर आ रहे हैं।



## खबर संक्षेप

### 19 बटुकों का सामूहिक व्रतोपनयन संस्कार

**पुसौर।** उत्कल ब्राम्हण संगठन तहसील ईकाई पुसौर प्रमुख अध्यक्ष अक्षय कुमार सतपथी एवं कार्यक्रम के अध्यक्ष मोहित सतपथी के अगुवाई एवं संगठन के सदस्यों के सक्रिय सहयोग से दुर्गा मण्डप पुसौर में 19 बटुकों का उपनयन संस्कार हुआ। जानकारी के मुताबिक उक्त 19 बटुक पुसौर ही नहीं जिले एवं अन्य प्रदेश के निवासी है ये बटुक अपने परिवार जनों के साथ आकर विधिवत प्रत्येक संस्कारों को मुर्तरूप देने तैयार रहे। ज्ञात हो कि उत्कल ब्राम्हण संगठन 19 बटुकों के लिए 19 बेदी का निर्माण कराया जाकर 19 उप आचार्य का व्यवस्था दी थी जो प्रधान आचार्य के मार्गदर्शन में उपनयन प्रक्रिया को संपन्न कराते थे। उपनयन संस्कार के पूर्व चार कर्म और इसके बाद रूसानी कार्यक्रम बहुत ही भव्यता के साथ संपन्न हुआ।

### वोटरों की सूची तैयार करने दलों का प्रशिक्षण



**सारंगढ़।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी धर्मेश कुमार साहू के निर्देशा पर डिप्टी कलेक्टर वर्षा बंसल की उपस्थिति में कलेक्टोरेट सभाकक्ष में निर्वाचक नामावली चिन्हित करने हेतु मतदान दलों के अधिकारी कर्मचारियों को प्रशिक्षण दिया गया। डिप्टी कलेक्टर वर्षा बंसल ने इलेक्टोरल रोल एवं उसमें आवश्यक प्रविष्टी के संबंध में दलों को आवश्यक जानकारी दी। उन्होंने कहा कि निर्वाचक नामावली चिन्हित करने के दौरान किसी भी प्रकार की त्रुटि नहीं होना चाहिए। मतदान दल प्रशिक्षण को गंभीरता से लें और बारीकियों को ध्यानपूर्वक समझे। मतदान दिवस के दिन मतदान करते समय मतदाताओं को किसी भी प्रकार की परेशानी का सामना करना न पड़े इसके लिए जिला स्तरीय मास्टर ट्रेनर चूड़ामड़ी गोस्वामी ने मतदाता सूची चिन्हांकित करते समय ईडीसी, पीबी, सीएसबी, एएसडी सूची आदि का सावधानीपूर्वक चिन्हांकन करने के संबंध में जानकारी दिया। इस अवसर पर सारंगढ़ एवं बिलाईगढ़ दोनों अनुविभागों के राजस्व निरीक्षक और पटवारीगण उपस्थित थे।

### समर्थन मूल्य की फसल के बीज महंगे

**रायगढ़।** समर्थन मूल्य के धान के बीजों के दाम भी नई सरकार आने के बाद बीज विकास निगम की ओर से बढ़ा दिया गया है। हर साल होने वाली फसल के लिए सरकार से रियायती कीमत पर बीज लेने वाले किसानों की मुसीबत इसलिए भी बढ़ गई है क्योंकि 600 रुपए से 4000 रुपए तक महंगे में बीज इस साल लेना पड़ेगा। राज्य में नई सरकार आने के बाद फसल के रकबे को 20 एकड़ से बढ़ाकर 21 तो कर दिया गया वहीं पहले से ज्यादा कीमत पर खरीदी भी हुई लेकिन बीज की बढ़ी हुई कीमत इसलिए भी किसानों को इस साल परेशान करेगी क्योंकि पहली खेतों में फसल को लागत बढ़ चुकी है। प्रदेश में सरकार की ओर से किसानों के बेहतर जीवनयापन के लिए कई योजनाएं चलाई जा रही हैंए लेकिन बावजूद इसके बीज की बढ़ी हुई कीमत इस साल किसानों पर खर्चे का बोझ बढ़ा देगी। बीज की कीमत में इस साल बढ़ोतरी किए जाने से किसानों को दिए गए कर्ज पर असर पड़ सकता है। सहकारी समिति के प्रबंधक को मानें तो बीज की बढ़ी हुए कीमत किसान के कर्ज पर सीधा असर डालेगी। लगभग किसान कर्ज लेकर खेती करते जिससे उनकी लागत और बढ़ जाएगी।

### आज से बैंड बाजा बारात शुरू, दो माह शादियों पर रहेगा विराम

**रायगढ।** मीन मलमास की समाप्ति के बाद गुरुवार से फिर से शादियों का सिलसिला शुरू हो रहा है। शहर में जगह जगह वाटिकाएं और मैरिज हॉल्स की बुकिंग्स हैं। कहीं बिंदोली निकल रही है तो कहीं टेंटए कुर्सियां, घोड़ी को शादी स्थल तक ले जाते नजारे दिख रहे हैं। अप्रेल माह में लगभग 8 से 9 विवाह मुहूर्त हैं। वहीं, इस बार मई और जून में विवाह मुहूर्त नहीं होने से शादियों पर विराम रहेगा।

## गौ तस्करों की पिकअप को ग्रामीणों ने किया आग के हवाले

# टीआई की गाड़ी चलाते सीखी मवेशी तस्करों से सेटिंग, दो आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

पुलिस थाने में थाना प्रभारियों के सारथी बनकर पशु तस्करों से सेटिंग के गुर सीखते हुए ओडिशा में ग्रामीणों के द्वारा घेरी गई मवेशी भरी पिकअप को सीमा पार करवाने पहुंचे एक युवक समेत दो लोगों को चक्रधर नगर पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। वहीं घेरा बंदी कर गौवशों से भरे वाहन से मवेशी मुक्त करने के बाद आक्रोशित ग्रामीणों ने वाहन को आग के हवाले कर दिया। पशु तस्करी से जुड़ी इस घटना में आरोपी पूर्व वाहन चालक हरीश मेहर के द्वारा पशु तस्करों को खाकी की सह मिलने के सनसनीखेज खुलासे के बाद आला अधिकारियों को जवाब नहीं सूझ रहा है।

गौरतलब है कि बीते कुछ दिनों से लगातार मवेशी तस्करों की धरपकड की कार्रवाई यह बताने के लिए काफी है कि रायगढ जिला मवेशी तस्करों के लिए सेफ कारिडोर बना हुआ है। इस तथ्य को बल तब मिला जब बुधवार को ओडिशा बार्डर पर कोतरलिया से पुलिस ने मवेशी तस्करी से जुडे



पुलिस गिरफ्त में आरोपी।

मामले में दो लोगों को गिरफ्तार किया। चक्रधर नगर पुलिस दोनों आरोपियों को लाने लाकर उन पर पशु क्रूरता अधिनियम के अंतर्गत कार्रवाई की है। जानकारी के मुताबिक पुलिस को सूचना मिली कि कोतरलिया के पतरापाली में स्थानीय ग्रामीणों ने मवेशियों से भरी पिकअप को घेर कर रखा है और चालक वाहन छोडकर फरार हो चुके हैं। जब तक पुलिस मौके पर पंहुची तब तक आक्रोशित ग्रामीणों ने पिक अप मे भले मवेशियों को मुक्त करते हुए वाहन को आग के हवाले कर दिया था। पूलिस ने खोजबीन शुरु की और पहले चंद्रपुर निवासी हरीश मेहर पिता सुरेश मेहर उम्र 24 साल को गिरफ्तार किया। इसके बाद हरीश की निशानदेही पर ओडिशा के सुंदरगढ जिले के थाना उतरा निवासी एक अन्य आरोपी मोहम्मद मूजबूल रसूल पिता मोहम्मद मुख्तार 21 वर्ष को गिरफ्तार किया। टीआई ने बताया है दोनों आरोपियों को पशु क्रूरता अधिनियम के तहत जेल भेजा गया है।

### आरोपी हरीश का सनसनीखेज खुलासा

पुलिस गिरफ्त में आए आरोपी हरीश मेहर के गिरफ्तारी के पहले वायरल हुए एक विडियो ने सनसनी फैला दी है। विडियो में हरीश ने बताया कि वह पहले जूटमिल थाना प्रभारियों का वाहन चालक था और मवेशी तस्करी की कार्रवाई के दौरान थाना इंचार्ज के साथ बने रहते हुए उसने ना केवल कानून की धौंस दिखाने का तरीका बखूबी समझ लिया था बल्कि कुछ वर्दीधारियों के साथ उसकी ऐसी सेटिंग हो गई थी कि छोटे मोटे विवादित मामले हरीश स्वयं हल करने लगा था। पुलिस की गाड़ी चलाते हुए वह मवेशी तस्करों के भी करीब आए गया था और उनकी पहले मदद भी कर चुका था। बुधवार को जब रायगढ से ओडिशा जाते मवेशी तस्करों के वाहन को ग्रामीणों ने घेर कर रोका तब भी हरीश के मुताबिक पशु तस्करी से जुडी किसी अहम कड़ी ने उसे फोन पर जानकारी देते हुए वाहन को बार्डर पार कराने की डील की गई। हरीश ने वायरल विडियो में किसी आरक्षक का नाम भी लिया है। तो यह साबित करता है कि इस अवैध कारोबार में पूलिस की सह शामिल है।

## गर्मी बढ़ते ही जंगल में बढ़ने लगी आग की लपटें

### गजमार पहाड़ी के जंगलों में लगी आग

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

गर्मी बढ़ते ही जंगल में दावानल की घटनाएं देखने को मिलती है, लेकिन पिछले दिनों मौसम के बदलाव के कारण जंगल में आग लगने की घटनाएं कम हो रही थी, पर अब तापमान लगातार बढ़ते जा रहा है। ऐसे में दावानल की घटनाएं फिर से सूनने व देखने को मिल रही है।

बुधवार की सुबह से गजमार पहाड़ के जंगल में आग की लपटे देखी गई, लेकिन वह शाम होते होते बढ़ गई और दूर से पहाड़ के जंगल में लगे आग को देखा जा रहा था। वहीं आग की सूचना मिलते ही भले ही वनकर्मी मौके पर पहुंच गए, लेकिन आग पर पूरी तरह काबू नहीं पाया जा सका था, जिसके कारण गुरूवार की सुबह भी आग के कारण निकलने वाला धुंआ देखा जा रहा था। हांलाकि इसे बुझाने का प्रयास किया जा रहा था और विभाग के अधिकारियों ने बताया कि आग पर काबू पा लिया गया है। इसके अलावा जमांगा सर्किल में भी दावानल की घटना घटित होने की बात कही जा रही है। लगातार इस तरह दावानल की घटनाओं से विभाग के दावों की भी पोल खुलती नजर आ रही है।

विभागीय जानकारों की माने तो जंगल में आग लगने से कई तरह के नुकसान होते हैं। जिसमें प्रमुख रूप से यह होता है कि छोटे बड़े वन्यप्राणी आग की वजह से विचलित हो कर आसपास के आबादी क्षेत्रों तक पहुंच जाते हैं फिर वे शिकारियों का शिकार भी बन सकते हैं। इसके अलावा पक्षियों के अंडे व छोटे कीड़े इसकी चपेट में आ जाते हैं। साथ ही पेड़ व बांस भी झुलस जाते हैं और मिट्टियों की उर्वरा शक्ति भी प्रभावित होती है। अधिकारी नहीं जाते जंगल. माझापारा समिति अध्यक्ष माझापारा वन प्रबंधन समिति के अध्यक्ष यादराम का कहना है कि जंगल में बुधवार से गजमार पहाड़ में आग लगा है, लेकिन इसकी सुध लेने के लिए न तो रेंजर जंगल जाते हैं और न ही विभाग के कोई अन्य अधिकारी। ऐसे में जंगल जलते रहता है। रात में भी जंगल का आग दूर से देखा जा रहा था। वहीं उनका यह भी कहना है कि पूर्व में समिति के पदाधिकारियों व सदस्यों की पूछपरख होती थी। कार्यशाला में सभी को बुलाया जाता थाए लेकिन अब ऐसा नहीं है। बल्कि विभाग ने वन प्रबंधन समिति से दूर बना ली है।



### आग पर पा लिया गया काबू : डीएफओ

वन मंडलाधिकारी स्टायलो मंडावी से जब गजमार पहाड़ में दावानल की घटना के संबंध में हमने मोबाईल पर चर्चा किया, तो उन्होंने बताया कि आग की सूचना मिलने के बाद तत्काल उसे बुझाने का प्रयास किया गया और आग पर काबू पा लिया गया है। घासफुस ही जले हैं और कोई नुकसान नहीं हुआ है।


## नवमीं पर नौ कन्याओं को पठन सामग्री और फल का वितरण

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

सेवांजली परिवार के सदस्यों ने राम नवमी के शुभ अवसर पर कन्या पूजन के साथ साथ कन्या भोज का आयोजन किया। आई टी आई कालोनी की गरीब बस्ती में स्थित दुर्गा मंदिर में मोहल्ले के लोगों के साथ सेवांजली के सदस्यों ने रामनवमी का यह पर्व मनाया।

इस पुन्य आयोजन में कन्या पूजन के साथ ही कन्याओं के साथ साथ बच्चों एवं महिलाओं को भी भोजन कराया गया। कन्याओं और बच्चो को गिफ्ट के रूप में पेंसिल बॉक्स कलर पेंसिल, चॉकलेट व फल दिए गए। सभी महिलाओं व बच्चों में खुशी दिखाई दी। इस आयोजन में सेवांजली के सभी सदस्यों का सहयोग रहा विशेष तौर पर सेवांजली चार्टर फाउंडर अध्यक्ष ली सुमिता पांडेय, अध्यक्ष ली रजनी मिश्रा, सचिव ली बबली कुलवेदी, कोषाध्यक्ष ली रूपान्जली देशमुख एवं चीफ एडवाइजर ली रीटा श्रीवास्तव का योगदान प्रमुख रहा।



### सरडा एनर्जी तमनार के समीप हाथियों का विचरण

**रायगढ़।** सरडा एनर्जी माइस तमनार के पीछे ग्राम पंचायत मुडगांव और सराय टोला के पास लगभग आधा दर्जन हाथियों का विचरण हो रहा है यह हाथी आमघाट, झीगोटोला, मुद्दागांव एवं अन्य आसपास के क्षेत्र का विचरण किया जा रहा है जिसको लेकर ग्रामीण क्षेत्र में भय माहौल है खबर के अनुसार तामनार क्षेत्र के कोयला प्रभावित माइस क्षेत्र में लगातार कई दिनों से बितरण कर रहे है। वही विदित हो कि वन मंडल रायगढ़ की माने तो इस क्षेत्र में भी कभी भी हाथियों का विचारण नहीं हुआ है यह क्षेत्र कभी भी हाथी प्रभावित नहीं है। मिली जानकारी के अनुसार यही हाथियों के झुंड ने 3 दिन पहले महुआ बिने गए पति और पत्नी में से हाथियों ने पत्नी को पटक पटक कर मार डाला वही पति ने भाग कर अपनी जान बचा ली। ग्रामीण क्षेत्र के लोग हाथियों पर नजर बनाए हुए हैं।

## रामनवमीं पर पुसौर में परंपरागत गायन वादन व झांकी

**पुसौर।** रामलीला मंचन हेतु शुभखंम्भ की स्थापना, जल्द ही शुरू होगी अब रामलीला, रोल प्ले करने वाले किरदारों ने कसी कमर, आयोजक मण्डल हर संभव कार्यक्रम को संपन्न कराने उठाई बीडा।

तहसील मुख्यालय पुसौर में रामनवमी के बाद से ही रामलीला का मंचन होता रहा है और रामनवमी में भगवान राम के जन्मोत्सव को रामलीला ओडिया महाकाव्य के कुछ अंशो का गायन करते हुए रामनवमी पर्व को सम्पन्न किया जाता रहा है। इसी कडी में बीते रामनवमी पर रामलीला से जुडे लोगों द्वारा सुबह भगवान राम के जन्मोत्सव में हुए पूजा पाठ व हवन आदि के बाद रामलीला का गायन हुआ। जिसमें श्रद्धालुओं ने इसे अति भक्ति भाव से जहां श्रवण किया वहीं भगवान श्रीराम लक्ष्मण सीता के विग्रहों में जाकर अपनी अपनी श्रद्धा सुमन भी अर्पण किए। कुछ वर्षो से इसी दिन राम शोभा यात्रा की झांकी निकाली जा रही है अपरान्ह इसे मुर्तरूप देने रामलीला समिति व श्रद्धालुओं ने इसमें बढ चढ कर हिस्सा लिया। जानकारी अनुसार एक खुले जीप में छोटे छोटे बच्चों को राम सीता हनुमान लक्ष्मण सहित अन्य किरदारों के वेष में सजाकर बैठाया और जय श्रीराम के नारे के साथ जगन्नाथ मंदिर पुसोर से बोरोडिपा तक शोभायात्रा निकाली गई। इस बीच बोरोडिपा में जगह जगह शोभायात्रा में शामिल लोगों के सीतल एवं मधुर पेयजल का भी प्रबंध श्रद्धालुओं द्वारा किया गया था जिसका लाभ अन्य पथिकों ने भी लिया है। ज्ञात हो कि रामलीला मंचन के लिए एक स्टेज की जरूरत होती है इसलिए रामनवमी के दिन एक शुभ खम्भ की स्थापना की जाती है ताकि स्टेज का भव्य निर्माण किया जा सके जिसे स्थापित किया गया इसी कडी में रामलीला मंचन में आवश्यक किरदारों को भी तैयार किया गया ताकि जल्द ही जल्द रामलीला प्रारंभ हो सके।



## बंजारी मंदिर में कन्यापूजन के साथ लगा भंडारा



**तमनार।** सर्वशक्तिपीठ बंजारी माई धाम तराईमाल में बासंतिक चैत्र नवरात्र पर्व 67 वीं मनोकामना ज्योति कलश प्रज्वलन, दुर्गानवमी में सामूहिक हवन पूजन नव कन्याओं की पूजा अर्चना कर कन्या भोज, ब्राम्हण भोज के बाद महाभण्डारा प्रसाद खिलाया गया। नवमी महाभण्डारा 12 बजे शुभारम्भ कर रात तक 10 हजार से अधिक भक्तजनो ने पूजा अर्चना कर महाभण्डारा ग्रहण किया। माँ बंजारी मन्दिर समिति अध्यक्ष कलेक्टर श्री गोयल के दिशा निर्देश में एसडीएम रमेश कुमार मोर, तहसीलदार रिचा सिंह के मार्गदर्शन में 67 वीं मनोकामना ज्योति कलश प्रज्वलन नवरात्र पर्व 9 अप्रेल से 17 अप्रेल तक नवरात्र, दीप प्रज्जवलन, नवदुर्गा सप्तशती विधि विधान के साथ पूजापाठ नवमी को 5 कुण्ड में सामूहिक हवन पूजन में सैकड़ो माता बहनो भक्तजनो द्वारा शामिल होकर आहुति दी गई।

नवमी हवन पूजन में एसडीएम मोर, तहसीलदार रिचा सिंह, एसपी मरकाम, टीआई त्रिपाठी मन्दिर समिति सदस्यगणो सहित जनप्रतिनिधि न्यायधीश, प्रशासनिक अधिकारी, सैकड़ो विशिष्ठ व्यक्तियों एवं हजारों लोगों ने मॉ बंजारी के चरणों में फल फूल अर्पित कर आशीर्वचन लिए। विशाल 3 दीप गृह में 2350 ज्योति कलश प्रज्ज्वलित किया गया। ज्योति कलश रसीद काटने वाले 104 सेवकों बंजारी माई धाम सेवा समिति, पुलिस प्रशासन, स्थानीय उद्योग, सहयोगी दानदाताओं का सराहनीय योगदान रहा। श्रद्धालु भक्तजनो सेवको स्थानीय ग्रामवासियों औधोगिक प्रतिष्ठानों विभिन्न विभाग दानदाताओं सेवको की प्रत्यक्ष अप्रत्यक्ष सहयोग हेतु आभार व्यक्त कर सभी के घर परिवार प्रतिष्ठान की सुख शांति समृद्धि क्षेत्र की सर्वांगीण विकास हेतु माँ बंजारी से प्रार्थना की गई।



### राधेश्याम ने बैगिन डोकरी माता का लिया आशीर्वाद

**घरघोड़ा।** रायगढ़ लोकसभा से बीजेपी सांसद प्रत्याशी राधेश्याम राठिया ने घरघोड़ा क्षेत्र के प्रसिद्ध माँ बैगिन डोकरी के दरबार में माथा टेककर आशीर्वाद लिया। पंडित व मन्दिर समिति द्वारा मनोकामना श्रीफल चुनरी ओढ़ाकर अभिनन्दन किया गया। नवरात्र व रामनवमी के पवन अवसर पर रायगढ़ सांसद प्रत्याशी राधेश्याम राठिया ने अपने कार्यकर्ताओं के साथ में विधि विधान के साथ माँ बैगिन डोकरी की पूजा अर्चना कर आशीर्वाद लेकर प्रदेश की खुशहाली के लिए प्रार्थना किया।

### रामायण पार्टी गठित, गायन का मंचन



**पुसौर।** रामनवमी के पावन अवसर को ध्यान में रखते हुए संकल्पित होकर नगर पंचायत पुसौर के वार्ड क्रमांक 13 व हटरी चौक के नव युवकों द्वारा प्रति दिन अथवा सप्ताह में एक बार सस्वर रामायण गायन के लिए एक टीम का गठन किया और राम नवमी के दिन विधिवत इसका भव्य मंचन भी किया जिसमें आसपास के श्रद्धालुओं में जहां भक्तिमय वातावरण का निर्माण हुआ वहीं इनके इस उठाये गये कदम के लिए जमकर सराहना भी की। इस संबंध में वार्ड पार्शद व नेता प्रतिपक्ष उमेश साव ने बताया कि उक्त गठित रामायण पार्टी में पूर्व पार्षद सुरेश महाणा, भीम महाणा, बलराम महाणा, मनोज महाणा, विकलेश महाणा आशीष महाणा, उमेश साव, जयंत साव, सुमन्त साव, मयंक कसेर, कन्हैया सोनी, अश्विनी कसेर, विष्णु महाणा, भोगीलाल यादव, सुनील गुप्ता, राजेश महाण, सत्येश महाणा, मोहन गुप्ता, दीपांशु कसेर, प्रियांशु महाणा, स्वागत साव अनुप साव, मनोज कसेर, मनोज महाणा, साहिल शंडगी, जितेन्द्र सतपथी, नरेश कसेर, संतोश साव, आश्रय थवाईत, आदर्श प्रधान सहित अन्य लोग शामिल है। इसी कड़ी में इन्होंने बताया कि पूर्व में हटरी चौक में लगातार रात को रामायण गायन होता था जो वर्तमान बंद है। इस परिपाटी को बनाए रखने के साथ ही युवाओं में एक भक्ति व गायन कला का मार्ग प्रशस्त करने यह बीडा उठाया गया है। इसमें जैसा कि युवाओं का संकल्प है जल्द ही हटरी चौक में पुनः रामायण गायन होने के संकेत मिल रहे हैं।

### अनिमेष ने अयोध्या में रामनवमी पर बनाई श्रीराम की झांकी

**रायगढ़।** रायगढ़ के अनिमेष गोठेवाल को अयोध्या में चल रहे रामकथा हेतु श्रीराम की झांकी बनने का अवसर मिला उनके परिवार और इष्टजनों ने इस परम सौभाग्य को भगवान श्रीराम की कृपा ही बताई। विदित हो कि कृष्णा बिहार रायगढ़ निवासी कमलेश गोठेवाल दादा तथा विमला गोठेवाल दादी के सुपौत्र और स्व मनीष गोठेवाल एवं श्रीमती आशा गोठेवाल के सुपुत्र तथा दीदी निधि गोठेवाल के भाई अनिमेष गोठवाल अभी कक्षा 7 वी साधुराम विद्यामन्दिर में है और बचपन से ही उन्हें अभिनय नृत्य गायन का शौक रहा है और उन्होंने कई मंचो में अपनी प्रस्तुति देकर अपनी पहचान बनाई है उनकी कलाकारी से कायल होकर रमेश ओझा द्वारा अयोध्या धाम में 9 अप्रैल से आरंभ हुई शाम कथा के लिए श्रीराम की सुंदर मुख वाली झांकी के लिए अनिमेष गोठेवाल को न्योता दिया, बताया जा रहा है कि अनिमेष को रामजी के रूप में बहुत पसंद किया जा रहा है।



## आंबेडकर जंयती पर चौहान समाज का प्रीतिभोज

**सरिया।** आधुनिक भारत के शिल्पकार, महामानव, भारतरत्न बाबा साहब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर के अवतरण दिवस के अवसर पर शिव मंदिर परिसर पुजेरीपाली पर स्थित प्रकृति के सुखद आवरण से आच्छादित बहुत पुरानी विशाल बरगद के छांव के नीचे चौहान समाज के बुजुर्गों सह युवा क्रांति साथियों ने मिलकर भव्य रूप से उत्साह उमंग के साथ बाबा साहब के 134 जयंती प्रीतिभोज के साथ मनाया गया।



जहां सर्व प्रथम मुख्य अतिथि रोहित गुरुजी के हाथों केक काटकर एक दूसरे को अंबेडकर जयंती की हार्दिक शुभकामनाए दी गई। तत्पश्चात विश्व महामानव बाबा साहब के जीवन दर्शन पर प्रकाश डालते हुए उपस्थित समाज के पुरोधा पुरुष संस्थापक रोहित चौहान, रामनाथ, राजेंद्र चौहान, उजागर नंद, गुणामणि नंद, गजाधर चौहान एयदुमणी चौहान ने अपना सारगर्भित उद्बोधन देकर युवाओं में क्रांतिकारी नव चेतना भरने का सार्थक प्रयास किया गया। विशेष कर बाबा साहब के जीवन दर्शन का मूल संदेश शिक्षित बनो, संगठित रहो, संघर्ष करो थीम का अनुकरण करते हुए वर्तमान परिवेश पर जागो, जगाओ, संविधान पढ़ाओ, थीम के आधार पर जयंती समारोह मनाया गया तथा संकल्पित योजना बद्ध तरीकों से समाज हितैसी कार्य करने का निर्णय लिया गया। ताकि आने वाला भावी पीढ़ी बाबा साहब के श्रेष्ठ आदर्श को सामाजिक पृष्ठभूमि में प्रतिस्थापित कर संवैधानिक अधिकार सह कर्तव्य दायित्व का पालन कर सके। यह की भोजन पश्चात द्वितीय सत्र में गत दोनों ग्राम पंचधार में आयोजित गंधर्व कला सांस्कृतिक सह दुल्हादेव महोत्सव का सार्थक समीक्षा कर बैंक खाता खोलने का निर्णय लिया गया। साथ ही उपस्थित आयोजक सदस्यों अजय, ललित, बसंत, अशोक, गुरुदेव, राजू, ज्योतिष, द्वारा कार्यक्रम के मुख्य अतिथियों सहित समाज के कर्तव्य निष्ठ सक्रिय सामाजिक कार्यकर्ताओं एवं अध्यक्षों को मोमेंटो; प्रतीक चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया।

